# महासम्मेलन में कांग्रेसियों ने भरी हुंकार

## रीवा में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

**विंध्य कांग्रेस और समाजवादी का गढ़ रहा है पर यहा जनसंघ का बोल बाला है : दिग्विजय**

**रीवा, 17 सितम्बर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के 100 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित श्रीयुत शताब्दी पर्व एवं कांग्रेस महासम्मेलन में कांग्रेसियो ने हूंकार भरते हुए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया.**

प्रदेश एवं देश की सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए कांग्रेस को आने वाले चुनाव में जिताने का आवाहन किया. उन्होने कांग्रेसियो का आवाहन करते हुए कहा कि भाजपा डऱपोक है हमे डऱना नही है.



मजबूती से लडऩा है, संघर्ष और मजबूती से हम लड़ेंगे तो आने वाला समय हमारा होगा. दोपहर 12 बजे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद दिग्विजय सिंह ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा का अनावरण किया. इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल सहित कांग्रेसी नेता मौजूद रहे.

> पद्मधर पार्क में आयोजित श्रीयुत शताब्दी पर्व एवं कांग्रेस महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि विंध्य कांग्रेस और समाजवादी का गढ़ रहा है पर यहा जनसंघ का बोल बाला है. हमे विचारधारा की लड़ाई लडऩा है और पूंजीपति व्यवस्था के खिलाफ हमे लड़ाई लडऩी है. उन्होने कहा कि प्रदेश में पूंजीवादी व्यवस्था से लडक़र समाजवादी व्यवस्था स्थापित करनी है, इसके लिये आप सब संकल्प लें और आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करे.

# प्रभारी मंत्री ने हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

## छूटे हितग्राहियों को मिलेगा आवास योजना का लाभ

**सिंगरौली 17 सितम्बर. जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके मंत्री म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने पीएम आवास दिवस शहरी अंगीकर योजना के तहत आवास योजना के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया. वही आवास योजना 2.0 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का स्वीकृत पत्र का भी वितरण किया गया.**



प्रभारी मंत्री के मुख्य अतिथि एवं राज्यमंत्री राधा सिंह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह के उपस्थिति में पीएम आवास दिवस का कार्यक्रम अटल सामुदयिक भवन बिलौंजी में आयोजित हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. तत्पश्चात ननि आयुक्त सविता प्रधान के द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुये अंगीकर योजना के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया. इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रभारी मंत्री ने नव प्रवेशी हितग्राहियों को बधाई देते हुये कहा कि प्रदेश सरकार पीएम आवास योजना के माध्यम से हर एक गरीब परिवार को पक्का छत देने के लिए प्रतिबद्ध है.

# चूहा कांड : ठेका कंपनी पर 50 हजार का लगा जुर्माना

**जबलपुर. महाकौशल के सबसे बड़े अस्पताल कहे जाने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को चूहों द्वारा कुतरने का मामला अब तूल पकड़ा जा रहा है.**

कलेक्टर का फरमान मिलने के बाद मेडिकल अधीक्षक ने पेस्ट कंट्रोल एवं सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसिस लिमिटेड पर 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है. इसके साथ ही कंपनी के सुपरवाईजर, कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए पत्र भी लिखा है. इसके अलावा जांच समिति भी अपनी पड़ताल कर रही है. जिसे तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी.

विदित हो कि मेडिकल अस्पताल के मानसिक रोग विभाग में भर्ती तीन मरीजों को चूहों ने काटा था. जिसमें सिहोरा निवासी 25 वर्षीय रजनी बेन, श्रीधाम गोटेगांव के 50 वर्षीय सरोज मेहरा और उनके बेटे जगदीश मेहरा को चूहों ने कुतरा है. परिजनों का आरोप रहा कि विभाग में चूहों का आतंक है. इस घटना के बाद से मेडिकल में मरीजों की सुरक्षा पर लगातार सवाल खड़े हो रहे है. चूहा कंट्रोल के नाम पर मेडिकल अस्पताल में लाखों रूपए खर्च किए गए.

# मां-बेटे की निर्मम हत्या, बलात्कार की आशंका

## सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए, कार्रवाई की मांग

**पन्ना, 17 सितम्बर . अजयगढ़ थाना क्षेत्र के रहुनिया के माधौगंज वार्ड 13 में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. सोनू कुशवाहा ( उम्र लगभग 28 वर्ष, पति नारायण ) और उनके 6 वर्षीय मासूम बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई.**

घटना के पीछे बलात्कार की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है. 16-17 सितंबर की मध्यरात्रि को हुई इस घटना की सूचना मिलते ही आज प्रात: से ही सैकड़ों स्थानीय लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए एवं पुलिस भी तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गई.



एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया और थाना प्रभारी बखत सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया. जांच के लिए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है. पुलिस ने जल्द ही इस जघन्य अपराध का खुलासा करने का आश्वासन दिया है. इस क्रूर घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. प्रारंभिक जानकारी के आधार पर बलात्कार की आशंका जताई जा रही है.



**राजेन्द्र शुक्ल ने महाकालेश्वर भगवान के किए दर्शन**

मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाकालेश्वर भगवान की शयन आरती में सम्मिलित होकर दर्शन किए. इस अवसर पर भगवान महाकाल की आरती एवं पूजन-अर्चन विधिवत सम्पन्न हुआ.

# सीएम के दौरे की तैयारियों का किया अवलोकन

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**सीधी, 17 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 19 सितम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर सिहावल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहरी आएंगे.**

अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जिले में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे तथा हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे. मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद एवं पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने बहरी पहुंचकर कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मंच की व्यवस्था, साउंड सिस्टम, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.



> कमिश्नर जामोद ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा एवं वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए. मंच पर केवल सूचीबद्ध विशिष्ट व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाए. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे, अत: उनके लिए बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करें. साथ ही वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व पूर्ण की जाएं .निरीक्षण के दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने मुख्यमंत्री के दौरे हेतु की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी.

### कृषि विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू

**जबलपुर.** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रारंभ हो चुकी है. कृषि विवि स्नातक स्तर के कृषि पाठ्यक्रमों बी.एस सी. (कृषि), बी.एस सी. (उद्यानिकी), बी.एस सी. (वानिकी) तथा बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी) में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. ज.ने. कृषि विवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खारे के निर्देशन एवं कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन के मार्गदर्शन में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी, काउंसिलिंग कार्यक्रम, आवश्यक दस्तावेजों की सूची एवं अन्य दिशानिर्देश संबंधी विवि तथा एम.पी. ऑनलाईन की अधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध है.

# पीएम और सीएम के नेतृत्व में हो रहे हैं बदलाव

**छिंदवाड़ा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज मध्यप्रदेश के धार जिले से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार राष्ट्रीय अभियान का भव्य शुभारम्भ किया गया. इसी कड़ी में जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने पोला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम से जिले में सेवा पखवाड़ा और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का जिला स्तरीय शुभारम्भ किया.**

इस अवसर पर जिलेवासियों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सिंह ने सर्वप्रथम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75 वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश का दुनिया में नाम किया है, नई पहचान दी है, सीमाएं मजबूत की हैं, देश के विकास को पंख दिए हैं, हर जरूरतमंद को पक्की छत, बिजली, पानी की सुविधा देकर समृद्धि की उम्मीद दी है. जिसके कारण ही आज पूरा देश परिवार की तरह प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मना रहा है. पोला ग्राउंड में जिला स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप और विशाल रक्तदान शिविर में महिलाओं सहित कुल 10487 नागरिक निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा से लाभान्वित हुये. विशाल रक्तदान शिविर में जिले की विभिन्न एसोसिएशन, जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर कुल 249 यूनिट रक्त का दान कर समाज और जरूरतमंदों के प्रति अपना फर्ज निभाया.



> इस मेगा हेल्थ कैंप को सुविधाजनक तरीके से आयोजित करने के लिए स्वास्थ्य व संबंधित विभागों द्वारा 36 काउंटर लगाए गए थे. अकेले पंजीयन और महिला, गर्भवती की जांच के लिए 3 - 3 काउंटर लगाए गए थे. इनके अलावा अन्य विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाकर विभागीय कार्यों एवं योजनाओं का प्रदर्शन किया गया था, जिनका गहन अवलोकन प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया और चर्चा कर जानकारियां भी ली गई.

### पटवारी ने रोका ओवरलोड ट्रक, रॉयल्टी जांची

**शहडोल.** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी देर शाम रीवा से लौटते समय शहडोल पहुंचे. इस दौरान व्यावहारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे कि रास्ते में उन्हें रेत से भरा एक ओवरलोड ट्रक दिखाई दिया. पटवारी ने तुरंत ट्रक को रुकवाया और रॉयल्टी चेक की. जांच के दौरान उन्होंने बताया कि लगातार अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जबकि इस समय मानसून सत्र चल रहा है. रॉयल्टी में न तो तारीख का उल्लेख था और न ही रेत की सही मात्रा की जानकारी दर्ज थी. जीतू पटवारी स्वयं ट्रक के ऊपर चढ़कर रॉयल्टी की जांच करते नजर आए. उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में खुलेआम अवैध रेत उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है.

# प्रदीप और राजेश ने थामा कांग्रेस का हाथ



**ग्वालियर, 17 सितम्बर. कांग्रेस की रीति-नीतियों से प्रभावित होकर प्रदीप बित्थरिया एवं राजेश बंसल ने शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने के बाद कांग्रेस का हाथ थामा है.**

सदस्यता समारोह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र यादव एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुनील शर्मा ने दोनों सेवानिवृत पूर्व शासकीय सेवकों को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई. कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रदीप बित्थरिया एवं राकेश बंसल ने कहा कि अब सेवानिवृत्ति के बाद हमने यह संकल्प लिया है कि समाज और देश की सेवा कांग्रेस पार्टी के माध्यम से जारी रखेंगे.

> कांग्रेस पार्टी ही वह संगठन है जिसने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया है. इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव एवं प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होकर समाज की सच्ची सेवा की भावना के साथ दो सम्माननीय व्यक्तित्व प्रदीप बित्थरिया एवं राकेश बंसल ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थामकर हमारे संगठन की ताकत को और अधिक मजबूती प्रदान की है. हमें विश्वास है कि प्रदीप जी और राकेश जी के जुड़ने से हमारा संघर्ष और अधिक सशक्त होगा.

### भिंड में जीप की टक्कर से तीन बाइक सवार नहर में गिरे, तीनों की मौत

**भिंड.** असवार थाना क्षेत्र में बरहा नहर के पास एक अनियंत्रित जीप ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सहित तीन लोग नहर में जा गिरे. घटना की जानकारी लगते ही असवार थाना प्रभारी नितेंद्र मावई पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और नहर में रेस्क्यू शुरू कराया. रात में नहर से एक युवक का शव बरामद किया गया, वहीं आज नहर पर बने पुल से करीब 400 मीटर दूर दो लोगों के शव मिल गए. जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय राजेंद्र चौहान निवासी हेतमपुरा जिला दतिया अपने साथी अमरसिंह चौहान और चुन्नीलाल के साथ लहार के रावतपुरा सानी गांव में निमंत्रण खाने आए थे.

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान शुरू

**इंदौर, 17 सितम्बर. एमवाय अस्पताल परिसर में मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़े की शुरुआत की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने सफाई श्रमदान किया. इसके बाद नगर निगम के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया.**

साथ ही उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा पखवाड़े और 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत एमवाय हॉस्पिटल में स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया. उन्होंने एमवाय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमवाय हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें. उन्होंने कहा कि एम. वाय. अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी. उक्त मौके पर डॉ. यादव ने नागरिकों से अपील की गंदगी न तो करें और न होने दें.



कार्यक्रम में उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के लाँचिंग लोगो का विमोचन भी किया. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, बैतूल विधायक और प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल , प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा , गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा तथा श्रवण चावड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

### सांसद ने सेवा पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए दिलाई शपथ

**रीवा.** सेवा पखवाड़े के तहत नगर निगम द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. पखवाड़े के प्रथम दिन स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद जनार्दन मिश्र ने किया. इस अवसर पर सांसद ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों और आमजनों को स्वच्छता और नशामुक्ति की शपथ दिलाई. इसके बाद सांसद तथा अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम से सामूहिक रूप साफ-सफाई कार्यक्रम में भागीदारी निभाई. इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इसके तहत सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई की जाएगी. हर व्यक्ति स्वच्छता अभियान में पूरा सहयोग दे. अपने घर और आसपास साफ-सफाई करें.




**मांग** पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने पीएम और सीएम को लिखा पत्र

# प्रस्तावित बांध के बजाय दो छोटे बांध बनाए जाए

हरिचरण सोनी

**राधौगढ़ 17 सितम्बर. पार्वती काली सिंध चंबल लिंक परियोजना के तहत चांचौडा के कुंभराज क्षेत्र में प्रस्तावित बांध के बजाय दो छोटे बांध बनाने के लिए राजगढ़ के पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पुन: विचार करने की मांग उठाई है.**

सिंह का कहना है कि बांध की अधिकतम ऊंचाई के कारण 70 से 75 गांवों तक के किसानों की कृषि योग्य जमीन डूब में आने से हजारों परिवारों की अजीविका एवं उनका जीवन प्रभावित होगा. पूर्व सांसद ने कहा कि किसानों द्वारा परियोजना का नहीं बल्कि बड़े बांध का विरोध कर छोटे बांध की मांग उठा रहे हैं.



दरअसल वर्तमान परिवेश की राजनीति से हटकर हर मुद्दे पर लोगों के बीच पहुंचने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई एवं चांचौडा के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने पार्वती काली सिंध चंबल लिंक परियोजना के तहत कुंभराज क्षेत्र के प्रस्तावित बड़े बांध के बदले में दो छोटे बांध बनाने के हिमायत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को ना केवल सुझाव भेजे है, बल्कि पूर्व के प्रस्तावित दो छोटे बांध की योजना यथावत रखने की मांग उठाते हुए कहा कि छोटे बांधो से चांचौडा क्षेत्र के आखिरी गांव बांसाहेड़ा तक पानी पहुंच सकता है और दोनों बांधों के कारण एक भी गांव डूब से प्रभावित नहीं होगा.

इसके लिए पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह लगातार जमीनी हकीकत जानने के लिए लोगों के बीच पहुंच रहे हैं, उनका कहना है कि लोगों के अनुसार प्रस्तावित एक बांध से कृषि आधारित 90 प्रतिशत सिंचित और है उपजाऊ जमीन प्रभावित ही नही होंगी बल्कि नीति तो यह कहती है कि बांध के निर्माण के लिए पथरीली जमीन का चयन किया जाता है, लेकिन चयनित क्षेत्रफल में मात्र 10 प्रतिशत शासकीय भूमि है और चयनित क्षेत्र के लोग भूमिहीन ही नहीं बल्कि मजदूरी और पशुपालन करके भरण-पोषण कर रहे हैं, उन्हें इस परियोजना से मुआवजा मिलना तो दूर की बात वह मजदूरी से वंचित हो जाएंगे.

> पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का तर्क है कि लोगों को आश्चर्य है कि जब छोटे बांध बनाकर उद्देश्य पूरा किया सकता है, तो इतना बड़ा जोखिम क्यो उठाया जा रहा है? क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़ एवं आपदाएं सामने आ रही हैं तो इतना विशाल बांध बनाने की क्या जरूरत है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी ने नदी जोड़ो योजना को लेकर अपने भाषणों में कहा था कि नदियों से नदी भी जुड़ जाए, लेकिन जनजीवन प्रभावित नही होना चाहिये. लेकिन वर्तमान स्वरूप में प्रस्तावित बड़ा बांध उनकी मूल भावना के प्रतिकूल है, क्योंकि बांध क्षेत्र के 16 गांव डूब में आएंगे और बांध की अधिकतम ऊंचाई लगभग 30 मीटर और लंबाई 5 किलोमीटर तक होने से लगभग 75 गांव तक जलाशय के डूब में आएंगे.